मैंने जब से मैया तेरा नाम लिया

मैंने जब से मैया तेरा नाम लिया अभिमान दिखाना छोड़ दिया....

अभिमान दिखाया बेटों पर ये बेटे पोते मेरे हैं,
जब इन्हें छोड़कर जाना है मैंने लाड़ लड़ाना छोड़ दिया.....

अभिमान दिखाया दौलत पे ये दौलत तो सब मेरी है,
जब हाथ पसारे जाना है मैंने इसे जोड़ना छोड़ दिया.....

अभिमान दिखाया कोठी का ये कोठी बंगला मेरे हैं,
जब यहीं छोड़कर जाना है मैंने मोह लगाना छोड़ दिया....

अभिमान दिखाया काया का ये काया तो बड़ी सुन्दर है,
जब मिट्टी में मिल जायेगी मैंने सजना संवरना छोड़ दिया......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/29711/title/maine-jab-se-mayia-tera-naam-liya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |